हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, सोमवार 4 मई 2026
बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

तापमान
अधिकतम 37 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

4 गर्भवती, शिशुवती माताओं के पोषण स्वास्थ्य को लेकर कार्यशाला



## खबर संक्षेप

### हवाई जहाज नजदीक से गुजरने की खबर से बाजार गर्म

**सोनहत।** विगत एक दो सप्ताह से ग्रामों में एक अजीबो-गरीब दृश्य देखा जा रहा है, जब दोपहर के आसपास ग्रामीण इलाकों में काफी नजदीक से हवाई जहाज गुजरते हुए दिखाई दे रहे हैं। ग्राम भैंसवार, लटमा, सोनहत धान खरीदी केन्द्र, भेलवाडांड सहित वनांचल के कई गांवों से हवाई जहाजों का गुजरना आम हो गया है। यह दृश्य ग्रामीणों के लिए अचंभे का कारण बन चुका है, इससे आसपास के इलाके में कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। कुछ गांवों के युवाओं ने हवाई जहाजों को काफी नजदीक से गुजरते हुए देखा और उनका फोटोशूट भी किया। सोशल मीडिया पर इस घटना के फोटो और वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिससे स्थानीय लोग इस घटना को लेकर चर्चाओं में जुटे हुए हैं। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार कुछ लोग इसे मौजूदा हवाई सर्वे का हिस्सा मान रहे हैं, तो कुछ इसे क्षेत्र में कोल माइंस के खुलने के लिए चल रहे सर्वे की संभावना से जोड़कर देख रहे हैं। वहीं कुछ लोग इसे जंगल क्षेत्र में हवाई निगरानी के तौर पर देख रहे हैं। इन अटकलों के बीच देर शाम के समय में इन चर्चाओं ने गांवों में खासा तूल पकड़ लिया है और यह मामला चौक-चौराहों पर चर्चा का विषय बन गया है।

### हुजैफा ने अर्जित किए 93.5 प्रतिशत अंक

**वेस्ट चिरमिरी।** छग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित हाई स्कूल परीक्षा



परिणाम में वेस्ट चिरमिरी पोड़ी के होनहार छात्र मोहम्मद हुजैफा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता का ऐसा परचम लहराया है जिसने न केवल उनके परिवार को बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित कर दिया है। 600 में से 561 अंक 93.5 प्रतिशत प्राप्त कर हुजैफा ने प्रथम श्रेणी के साथ-साथ सभी विषयों में डिस्टिंक्शन हासिल कर अपनी अद्भुत प्रतिभा का परिचय दिया है। स्थानीय व्यापारी मोहम्मद रियाज के सुपुत्र हुजैफा ने सिद्ध किया कि सच्ची लगन, अनुशासन और कड़ी मेहनत से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उनके परीक्षा परिणाम में विशेष रूप से विज्ञान, गणित और सामाजिक विज्ञान जैसे विषयों में 99-99 अंक प्राप्त करना उनकी गहरी समझ, एकाग्रता और कठिन परिश्रम को दिखाता है। अंग्रेजी में 96 तथा हिंदी और संस्कृत में 84.84 अंक हासिल कर उन्होंने संतुलित और सर्वांगीण प्रदर्शन किया है। हुजैफा की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार और उनके शिक्षकों तथा सहपाठियों में हर्ष व्याप्त है। वहीं हुजैफा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरूजन और अनुशासित दिनचर्या को दिया है।

### सड़क किनारे खड़े व्यक्ति को बाइक ने मारी टक्कर

**रामानुजगंज।** शनिवार सुबह 9 बजे वार्ड क्रमांक 3 स्थित रिंग रोड पर एक तेज रफ्तार बाइक ने सड़क किनारे खड़े व्यक्ति को टक्कर मार दी जिससे चार लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार घर के बाहर खड़े मोहम्मद मकसूद (52 वर्ष) को बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक पर सवार मनोज (22 वर्ष), उसकी पत्नी गीता (19 वर्ष) और भतीजी प्रतिमा (14 वर्ष) भी हादसे में घायल हो गए।गंभीर रूप से घायल मनोज और मकसूद को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि हल्की चोटें आने पर गीता और प्रतिमा को 100 बिस्तर अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया, जहां सभी घायलों का उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि बाइक सवार सभी लोग सुगवादामर, झारखंड के निवासी हैं।

## कई कार्यालयों के कामकाज अब तक कोरिया जिले से हो रहा संचालित

# बुनियादी प्रशासनिक सुविधाओं के लिए तरस रहा एमसीबी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (एमसीबी) जिला गठन को तीन वर्ष से ज्यादा का समय बीत जाने के बाद भी जिला आज तक बुनियादी प्रशासनिक सुविधाओं के लिए तरस रहा है। जिस उद्देश्य से जिले का गठन किया गया था, तेज प्रशासन, बेहतर कानून-व्यवस्था और आम जनता को राहत, वह आज भी अधूरा नजर आ रहा है।

जमीनी हकीकत यह है कि कई आवश्यक कार्यालय अब तक शुरू नहीं हो पाए हैं और जो व्यवस्थाएं मौजूद हैं, वे संसाधनों की भारी कमी से जूझ रही हैं। जिला बनने के बाद लोगों को उम्मीद थी कि उन्हें हर जरूरी सेवा अपने ही जिले में मिलेगी, लेकिन आज भी कई काम फाइलों और घोषणाओं में उलझे हुए हैं। अनेक जिला स्तरीय कार्यालयों का संचालन शुरू नहीं हो सका है, जिससे नागरिकों को बार-बार भटकना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि



कोरिया जिले से विभाजित होकर 9 सितंबर 2022 को छग के 32 वें जिले के रुप में मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (एमसीबी) जिला अस्तित्व में आया। इस जिले का शुभारंभ तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा किया गया था। अब जिला गठन को तीन वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी यहां कई प्रमुख कार्यालय पूर्ण रूप से संचालित नहीं हो पाए हैं। जिस उद्देश्य से नए जिले का निर्माण किया गया था, वर्तमान में यहां प्रशासनिक सुगमता, त्वरित सेवाएं और बेहतर कानून व्यवस्था ⏭ शेष पेज 4 पर

### अब भी कोरिया का करना पड़ रहा रूख

एमसीबी जिले में पीडब्लूडी, जिला परिवहन कार्यालय, समाज कल्याण विभाग समेत कई सरकारी कार्यालयों के अलावा उपभोक्ता फोरम एवं बाल न्यायालय की सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण नागरिकों को मामलों की सुनवाई के लिए कोरिया जिला जाना पड़ता है। छोटे-छोटे मामलों में भी लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे समय और धन की बर्बादी के साथ मानसिक तनाव भी बढ़ जाता है। कोरिया और एमसीबी कलेक्टर कार्यालय में होने वाले सोमवार और मंगलवार को साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में भी कई अधिकारी दोनों जिले में अपनी उपस्थिति समयानुसार दर्ज कराते हैं।

### पुलिस बल की कमी

कानून-व्यवस्था की स्थिति भी चुनौतीपूर्ण बनी हुई है। जिले में पुलिस बल की कमी के कारण थानों और चौकियों में तैनात कर्मियों पर अतिरिक्त दबाव है। सीमित स्टाफ के भरोसे पूरे जिले की सुरक्षा व्यवस्था संभाली जा रही है, जिससे गश्त, जांच और आपराधिक मामलों के निपटारे में देरी की शिकायतें सामने आ रही हैं। जिले में अब तक महिला थाना स्थापित नहीं किया गया है। महिलाओं से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता है।

### जिला मुख्यालय में बेलगाम यातायात

एमसीबी जिले का प्रशासनिक मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में स्थापित किया गया है। यातायात व्यवस्था भी गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है। शहर के मुख्य चौराहों और बाजार क्षेत्रों में अव्यवस्थित पार्किंग, तेज रफ्तार वाहन और नियमों की अनदेखी आम बात हो गई है। यातायात नियंत्रण के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से जाम की स्थिति बनती है, जिससे आम नागरिकों को रोजाना परेशानी झेलनी पड़ती है।

# जिले में 7 को ग्राम रोजगार दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में आगामी 7 मई को समस्त ग्राम पंचायतों में ग्राम रोजगार दिवस का आयोजन किया जाएगा। राज्य स्तर से जारी निर्देशों के अनुसार प्रत्येक माह की 7 तारीख को चावल महोत्सव के साथ रोजगार दिवस एवं आवास दिवस आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

इसी क्रम में कलेक्टर चंदन त्रिपाठी ने जिले की सभी ग्राम पंचायतों में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करते हुए इन आयोजनों को प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं। इस आयोजन के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं से संबंधित गतिविधियां संचालित की जाएंगी, जिनका उद्देश्य ग्रामीण विकास को गति देना और आमजन को योजनाओं से सीधे जोड़ना है। राज्य शासन द्वारा संचालित सुशासन तिहार के अंतर्गत निर्देश दिए गए हैं कि ग्राम पंचायत स्तर पर ही मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जाए। आवश्यकता पड़ने पर इन समस्याओं को विकासखंड या जिला स्तर पर ले जाकर उनका शत-प्रतिशत समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। रोजगार सह आवास दिवस के दौरान स्वीकृत सभी आवासों को अधिकतम 90 दिनों के भीतर पूर्ण कराने के लिए कार्ययोजना बनाई जाएगी। साथ ही हितग्राहियों को उनके खाते में हस्तांतरित राशि की जानकारी भी दी जाएगी, जिससे पारदर्शिता बनी रहे। स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को निर्माण सामग्री आपूर्ति एवं अन्य आजीविका गतिविधियों से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। इसके साथ ही ग्राम पंचायतों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग को बढ़ावा देने और लंबित जियो-टैगिंग कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए हैं। रोजगार दिवस के अवसर पर 15 ग्राम पंचायतों में नवा तरिया आय के जरिया अभियान के तहत नए तालाबों के निर्माण की कार्ययोजना तैयार की जाएगी। साथ ही मनरेगा के अंतर्गत चल रहे कार्यों को मई माह में पूर्ण करने और मांग आधारित नए कार्य प्रारंभ करने पर भी चर्चा की जाएगी। ग्राम पंचायतों में आजीविका डबरी के माध्यम से स्वरोजगार के अवसर विकसित करने की दिशा में योजनाओं को अंतिम रूप दिया जाएगा। महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए सूचना पटल पर परिवार की महिला सदस्य का नाम अंकित करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। 7 मई को सभी ग्राम पंचायतों में मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित जानकारी दफ कोड के माध्यम से सार्वजनिक स्थलों पर उपलब्ध कराई जाएगी, इससे ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी आसानी से प्राप्त हो सकेगी और पारदर्शिता को बढ़ावा मिलेगा।



■ चावल महोत्सव और आवास दिवस के साथ होंगी विविध गतिविधिया

# लाडली पथ पर निकली जागरूकता रैली

**अनूपपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत सेक्टर डोला में 2 मई को लाड़ली लक्ष्मी उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम परियोजना अधिकारी सुश्री सीमा गाजू के निर्देशन एवं सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीमती सीमा सिंह के मार्गदर्शन में डोला, सेक्टर सी एवं डुमर कछार के विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों में आयोजित किया गया।



उत्सव के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्रों से जुड़ी किशोरी बालिकाओं एवं लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं द्वारा लाड़ली पथ पर भव्य जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से बालिका शिक्षा, सशक्तिकरण और संरक्षण का संदेश पूरे क्षेत्र में प्रसारित किया गया। रैली के पश्चात बालिकाओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर नगर के जनप्रतिनिधियों सहित काफी संख्या में नन्ही-नन्ही बालिकाएं शामिल रहीं। कार्यक्रम में नगर परिषद डोला की अध्यक्ष श्रीमती रीनू सुरेश कोल एवं वार्ड पार्षदों की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने बालिका शिक्षा और शासन की योजनाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। लाड़ली लक्ष्मी योजना जिसकी शुरूआत वर्ष 2006 में हुई थी, बालिकाओं के समग्र विकास एवं शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है। योजना के अंतर्गत पात्र बालिकाओं को विभिन्न कक्षाओं में प्रोत्साहन राशि के साथ उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है तथा 21 वर्ष पूर्ण होने पर एकमुश्त राशि देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जाता है। यह आयोजन डोला क्षेत्र के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रं.145, 147, 227, 150, 146 एवं डुमर कछार के केन्द्र क्रं. 155, 156, 160 के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुआ।

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर को मिला एनक्यूएएस प्रमाणन

**मनेन्द्रगढ़।** जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में निरंतर प्रगति का एक और महत्वपूर्ण उदाहरण सामने आया है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के प्रयासों एवं मार्गदर्शन में जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं लगातार सुदृढ़ हो रही हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिला ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। जिले के अंतर्गत संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर, छिपछिपी को राष्टीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणन प्राप्त हुआ है। यह प्रमाणन स्वास्थ्य केन्द्र में उपलब्ध उच्च गुणवत्ता की सेवाओं, स्वच्छता, मरीजों की सुरक्षा, बेहतर उपचार एवं सुव्यवस्थित प्रबंधन का प्रमाण है।

### तालाब में जलकुंभी से फैली हरियाली...



बैकुण्ठपुर। ग्राम पंचायत खरवत में स्थित इस तालाब को पूरी तरह कमल, शैवाल एवं जलकुंभी पूरी तरह से अपनी आगोश में ले लिए है, जिसे दूर से देखने पर ऐसा लगता है जैसे कोई खेल मैदान की हरियाली हो।

# तूफान और बारिश से राहत की उम्मीद



**सोनहत।** क्षेत्र में दिन की शुरूआत तेज धूप के साथ हुई थी, लेकिन जैसे-जैसे समय बढ़ा, मौसम में भारी बदलाव देखा गया। सुबह से ही गर्मी और तेज धूप थी, लेकिन दोपहर 2 बजे के बाद मौसम में अचानक परिवर्तन हुआ। इस दौरान तेज हवा, तूफान और फिर हल्की रिमझिम बारिश शुरू हो गई, जिससे वातावरण पूरी तरह से बरसाती हो गया। बारिश और तूफान का असर सिर्फ मौसम पर ही नहीं, बल्कि ग्रामीण जीवन पर भी पड़ा।

बारिश के चलते बाइक सवारों से लेकर दुकानदारों तक सभी लोग बेमौसम बारिश से बचने के लिए अपने-अपने घरों और दुकानों में दुबक गए। मौसम का यह बदलाव किसानों के लिए भी अहम है, क्योंकि अब खेतों में काम करने की तैयारी और ⏭ शेष पेज 4 पर

## दोपहर में सूनसान नजर आई शहर की सड़कें

# बारिश के बाद बढ़ी तपिश, आमजन हलाकान


हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

इस वर्ष ज्येष्ठ के महीने की शुरूआत होने के पूर्व से ही मौसम ने करवट बदल ली थी, इसके चलते ज्येष्ठ महीने के पहले दिन ही जिले में गरज चमक एवं तेज हवाओं के बीच बारिश हुई और मौसम सुहाना हो गया, इसके दूसरे दिन सुबह आसमान साफ रहा और लगातार धूप खिले रहने से दोपहर तक झुलसाने वाली गर्मी लगती रही, इसके चलते दोपहर के समय शहर में लोगों की आवाजाही कम ही रही।

शहर में साप्ताहिक बाजार का दिन होने के बावजूद तेज धूप के कारण दोपहर के समय लोगों की आवाजाही कम रही। वहीं दोपहर के समय अचानक आसमान में बादलों का डेरा जम गया, लेकिन बिन बरसे ही कुछ समय बाद बादल छॅट गए। जानकारी के अनुसार इस दिन शहर का अधिकतम तापमान 38 डिग्री रहा, जबकि अप्रैल के अंतिम सप्ताह में अधिकतम तापमान 42 डिग्री तक पहुंच गया था, तब लोगों को लग रहा था कि मई के महीने में आसमान में आग बरसेगा, लेकिन अप्रैल के अंतिम दिनों में अचानक हवाओ की दिशा बदलने से मौसम ने फिर करवट बदली और तापमान में 4 डिग्री की गिरावट आ गई। मौसम विभाग के अनुसार अभी कुछ दिनों तक बादलों भरा मौसम रहेगा और बारिश की भी संभावना है, जिससे कि तापमान में अभी और गिरावट होने की संभावना है। मई की शुरूआत होने के पूर्व ही मौसम के करवट बदलने के कारण अधिकतम तापमान में गिरावट आई और तेज झुलसाने वाली गर्मी से राहत तो मिली है, इसके बावजूद जब आसमान साफ होता तब सूर्य के किरणों से शरीर झुलसने लगता है। रविवार को सुबह से लेकर दोपहर तक तेज धूप के असर के कारण शहर के व्यस्त मार्ग पर दोपहर के समय सन्नाटा पसरा रहा लोगों की आवाजाही कम रही।



रविवार को दोपहर में सूनी रही सड़क।



## खबर संक्षेप

### सर्व हिन्दू समाज का वैवाहिक परिचय सम्मेलन अग्रसेन भवन में आज

**बिश्रामपुर।** वैश्य वर्ल्ड फाउण्डेशन की सरगुजा संभाग ईकाई द्वारा आज 3 मई को अग्रसेन भवन बिश्रामपुर में सर्व हिन्दू समाज की विधवा, विधुर, तलाकशूदा, परित्यकता, दिव्यांग एवं निराश्रित युवक युवतियों का वैवाहिक परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाना है, इसमें उपरोक्त सभी वर्ग की महिलाओं का पंजीयन एवं परिचय सम्मेलन में भाग लेने की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। परिचय सम्मेलन हेतु आयोजन समिति का गठन किया गया है जिसमे वैश्य वर्ल्ड फाउण्डेशन की सरगुजा संभाग ईकाई के अध्यक्ष विजयराज अग्रवाल इस समिति के संयोजक है एवं समिति में सह संयोजक महेश गुप्ता, सह संयोजक दीनानाथ यादव, कोषाध्यक्ष तुलेश्वर जायसवाल, सदस्य मोहन गोयल, तोलाराम जैन, साहेब पाठक, श्याम घोषाल,अंजली चन्द्रा, माधुरी दास, सोनाली देवांगन, मंजु अग्रवाल, बिन्दु गुप्ता, शेषनारायण क्षत्री, दीलिप मिश्रा, उग्रसेन केसरी, हुकुम साय राजवाड़े एवं थलेश्वर साहू नामित किए गए हैं। सर्व हिन्दू समाज के लोग अपने-अपने समाज की महिलाएं व पुरुष जिनके वैवाहिक जीवन में परिस्थितिवश रुकावटें आई हैं और वे वैवाहिक जीवन से विरक्त हो चुके हैं, वे 3 मई को अग्रसेन भवन बिश्रामपुर में आकर परिचय सम्मेलन स्थल पर ही निःशुल्क पंजीयन करवा कर शामिल हो सकते हैं।

### साधु राम विद्या मंदिर में तीन दिवसीय एडवेंचर कैंप का समापन



**सूरजपुर।** साधु राम विद्या मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय एडवेंचर कैंप का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। एडवेंचर कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास को बढ़ावा देना है। कैंप के प्रथम दिवस विद्यार्थियों के लिए अनेक रोमांचक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें नेट क्लाइम्बिंग, रिवर क्रॉसिंग, बॉडी जोरबिंग तथा कई अंतरराष्ट्रीय एवं पारंपरिक खेल शामिल थे। द्वितीय दिवस विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को एक्वा पार्क अंबिकापुर भ्रमण के लिए ले जाया गया जहां बच्चों ने पूरे दिन वाटर पार्क में जल क्रीड़ाओं और मनोरंजन का भरपूर आनंद लिया। कैंप के तृतीय एवं अंतिम दिवस विद्यार्थियों के लिए विशेष जादू शो का आयोजन किया गया, जिसमें सोमेश थापा ने अपनी शानदार जादुई प्रस्तुतियों से सभी विद्यार्थियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने बच्चों को कई रोचक जादुई करतब दिखाए और जादू की कुछ विशेष तकनीकों की जानकारी भी दी। विद्यालय के निदेशक डॉ. राहुल अग्रवाल, एसएमसी समिति के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, विद्यालय के प्राचार्य प्रभाकर उपाध्याय, उप-प्राचार्य दीन दयाल तिवारी सहित समस्त स्टाफ एवं शिक्षक की सक्रीय भूमिका रही।

### बुद्ध पूर्णिमा के उपलक्ष्य में तुलसी साहित्य समिति ने की काव्यगोष्ठी

अम्बिकापुर। बुद्ध पूर्णिमा के उपलक्ष्य में तुलसी साहित्य समिति द्वारा पीजी कॉलेज के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष ब्रम्हशंकर सिंह की अध्यक्षता में सरस काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सच्चिदानंद पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार बंशीधर लाल, चन्द्रभूषण मिश्र और रामनारायण शर्मा थे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बुद्ध और मां वीणापाणि के छायाचित्रों के समक्ष दीप-प्रज्वलन से हुआ। ब्रह्माशंकर सिंह ने भगवान बुद्ध के प्रारंभिक जीवन के बारे में बताया कि उनका जन्म ईसा से 500 वर्ष पूर्व कपिलवस्तु के राजा शुद्धोधन ओर रानी महामाया के पुत्र सिद्धार्थ के रूप में हुआ था। राजा ने उन्हें सब सुख-सुविधाएं प्रदान की थी। परंतु उन्होंने जरा, मरण और दुखों से मुक्ति प्राप्ति हेतु राजपाट, पत्नी और नवजात शिशु का मोह त्याग दिया और तपस्या हेतु वन को चले गए। वर्षों की साधना के पश्चात बोधगया में बोधिवृक्ष के नीचे उन्हें सत्य-ज्ञान मिला और वे सिद्धार्थ गौतम से भगवान बुद्ध बन गए। उन्होंने दुखों के निवारण हेतु अष्टांग मार्ग का प्रतिपादन किया। उन्होंने यज्ञ और पशु बलि की तीखी निंदा की।

## दमकलकर्मियों के पास नहीं है सुरक्षा के साधन

# मूलभूत समस्याओं से जूझ रही फायर फाइटर की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सुरक्षा नियमों की अवहेलना से ननि क्षेत्र में आग लगने की बढ़ती घटनाएं बड़ी चुनौती के रूप में सामने आ रही है। आग लगने की घटनाओं पर नियंत्रण करने वाली अग्निशमन की इकाई मूलभूत समस्याओं से जूझ रही है। न तो इकाई के पास आवश्यकता के अनुरूप वाहन हैं न ही पर्याप्त चालक सहित अग्निशमन के अन्य संसाधन। इन मूलभूत समस्याओं को उपेक्षित करना कभी भी खतरनाक स्थिति निर्मित कर सकता है।

**खास बात**
- दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों एवं पुराने वाहनों के माध्यम से किया जा रहा काम

प्रारंभ में फायर बिग्रेड का संचालन नगर निगम के माध्यम से हो रहा था लेकिन अब लम्बे समय से इसका संचालन होमगार्ड सेनानी के माध्यम से किया जा रहा है। हालत यह है फायर टीम को न तो ननि अपना कर्मचारी मानता है न ही होमगार्ड ही मानता है जिससे फायरकर्मी स्वयं को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। अग्निशमन इकाई के पास 5 बड़ी एवं 1 छोटी वर्षों पुरानी दमकल वाहन एवं एक रेस्क्यू वाहन है। इन वाहनों के लिए 7 चालक है। कई बार अनेक स्थानों पर आग लगने की घटनाएं घटित होने पर खतरनाक स्थिति निर्मित हो जाती है तथा पड़ोसी जिलों से चालक एवं दमकल मंगाना पड़ता है। फायर टीम का संचालन दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के भरोसे संचालित हो रहा है। फायर सर्विस को 12 होमगार्ड के जवान एवं 13 दैनिकवेतन भोगी कर्मचारी चला रहे हैं। यह जानकार हैरानी होगी कि आग की ऊंची उठती लपटों के बीच अपनी जान को दांव पर लगाने वाले फायर फाइटर टीम के पास अपनी सुरक्षा के लिए न तो गम बूट है न ही ऊपर की मंजिल पर आग बुझाने के लिए जरूरी सीढ़ी एवं हाइड्रोलिक युक्त वाहन सहित पर्सनल प्रोटेक्शन सूट की उपलब्धता टीम के लिए सपना बना हुआ है। ननि द्वारा टीम के दैनिक भोगी कर्मचारियों को भी सामूहिक बीमा एवं चिकित्सा भत्ता की सुविधा दी जा रही थी जो लम्बे समय से बंद कर दिया गया है। फायर सेफ्टी टीम द्वारा अग्निशमन के लिए सीढ़ी, हाइड्रोलिक वाहन, संकरी गलियों में आग के नियंत्रण के लिए छोटी वाहन एवं पानी की उपलब्धता के लिए पूर्व की तरह पिलर पोस्ट हाइड्रेन बनाने की मांग की गई है। ननि के सामान्य सभा की बैठक में भी पक्ष एवं विपक्ष के पार्षदों ने इस मुद्दे को उठाया था लेकिन इस दिशा में अभी कोई पहल नहीं हो सकी है।





### नहीं हैं पानी के लिए पाइंट

आग लगने की घटनाओं पर तत्काल नियंत्रण के लिए ननि द्वारा पूर्व में चोपड़ा पारा, त्रिकोण चौक, धोबी घाट, नमनाकला पानी टंकी, पुराने फायर स्टेशन, कलेक्टर बंगला एवं भगवानपुर में दमकल वाहनों को पानी उपलब्ध कराने पिलर पोस्ट बनाए गए थे। ननि ने पुराने फायर स्टेशन एवं केदारपुर पानी टंकी को छोड़कर अन्य पांच पिलर पोस्ट को बंद कर दिया है। ऐसे में शहर के किसी भी हिस्से में आग लगने पर टीम को पानी के लिए लम्बा सफर करना पड़ता है जिससे आग पर काबू पाने में अधिक समय लगता है।

### एक महीने में आग की 44 घटनाएं

अप्रैल के महीने में आग लगने की 44 घटनाएं घटित हुई है। अभी गर्मी के दो महीने शेष हैं जिसमें आग लगने की सर्वाधिक घटनाएं होती है। पिछले साल आग लगने की 143 घटनाएं हुई थी जबकि अभी तक 103 घटनाएं हो चुकी हैं। आग की घटनाओं में वृद्धि होने के पीछे व्यवसायिक संस्थानों द्वारा सुरक्षा नियमों की अवहेलना, विद्युत लोड बढ़ने से शॉर्ट सर्किट की घटनाओं में वृद्धि एवं घनी आबादी के बीच लकड़ी, गैस, टायर सहित अन्य संवेदनशील सामग्रियों के गोदाम एवं दुकानों को कारण माना जा रहा है। फायर टीम ने होटल सहित अन्य उद्यमियों को फायर सेफ्टी उपकरण सहित अन्य सुरक्षा नियमों का पालन करने की सलाह दी है लेकिन प्रशासन द्वारा सुरक्षा निर्देशों की अनदेखी पर कार्रवाई नहीं की जाती जिससे आग लगने की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है।

### बढ़ रही संकरी गलियों की संख्या

शहर की आबादी बढ़ने के साथ ही गलियों की संख्या बढ़ रही है। इन संकरी गलियों में वाहन घुसना संभव नहीं होने के कारण आग लगने पर भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। हाल ही में राम मंदिर रोड स्थित मुकेश प्लास्टिक एवं पटाखा एजेंसी में आग लगने पर मुख्य मार्ग स्थित एक घर की बाउंड्री एवं शौचालय को तोड़ा गया तो दमकल वाहन दुकान के नजदीक पहुंची। फायर टीम के पास 65 मीटर दूर तक पानी का छिड़काव करने की ही व्यवस्था है। फायर टीम के पास वाटर टैंकर भी नही है जिसके कारण भारी परेशानी होती है। वर्षों पूर्व ऐसी 53 संकरी गलियों का चिन्हांकन किया गया था जहां आग लगने पर संकट की स्थिति निर्मित होने की संभावना जताई गई थी। अब ऐसी गलियों की संख्या बढ़कर 100 से अधिक हो गई है। ननि द्वारा इन गलियों की चौड़ाई बढ़ाने की कोई पहल नहीं की गई है। शहरी क्षेत्र में झूलते विद्युत तारों के जाल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध हुकिंग को भी फायर बिग्रेड के लिए बड़ी समस्या मानी जा रही है।

### चल रही प्रक्रिया

फायर टीम को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की प्रक्रिया चल रही है। दमकल वाहनों की सर्विसिंग कराई जा रही है ताकि आवागमन में कोई समस्या न हो तथा समय पर घटनास्थल पर वाहन पहुंच सके।

-एसके कठौतिया
जिला सेनानी, होमगार्ड

# आदिवासी बच्चियों के साथ हुए दुष्कर्म की घटना को दबाया नहीं जा सकेगा : लैतफलांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नाबालिग आदिवासी बच्चियों के सामूहिक अनाचार की घटना को लेकर कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव और छत्तीसगढ़ की सहप्रभारी सुश्री जरिता लैतफलांग ने ग्राम वंदना का दौरा कर घटनास्थल के निरीक्षण के साथ ही पीड़ित बालिकाओं से भी मुलाकात की। उनके साथ ही प्रदेश कांग्रेस के द्वारा गठित जांच दल ने भी उनके साथ पीड़ित बच्चियों से मुलाकात कर घटना एवं इसके उपरांत प्रशासनिक कार्रवाई में हुई गफलत की जानकारी ली है। कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव एवं जांच दल की महिला सदस्यों ने करीब 1 घंटे तक एकांत में बच्चियों और उनके परिजनों से मिलकर घटना की विस्तृत जानकारी ली। बच्चियों से प्राप्त जानकारी पर प्रतिक्रिया देते हुए सुश्री जरिता लैतफलांग ने कहा इन छोटी-छोटी जनजातीय बच्चियों ने घटना का जो विवरण दिया है वो भयावह और रौंगटे खड़े करने वाला है। हम सभी महिलाएं आंखों में आंसू भरकर और अपने कलेजे पर पत्थर रखकर उनकी बातों को सुन रहे थे। हम आश्चर्यचकित हैं कि इन बच्चियों पर हुए अत्याचार को किस प्रकार पुलिस और प्रशासन ने दबाने की कोशिश की। अगर वे सोच रहे हैं कि की बच्चीयों के आदिवासी होने के कारण मामला दबा दिया जायेगा तो वे गलतफहमी में हैं। मामले को दबाने का प्रयास अभी भी जारी है, पीड़ितों और उनके परिजनों को अभी भी धमकाया जा रहा है। इस मामले में अब भी वही दरोगा विवेचना कर रहा है, जिसने साक्ष्य लेने के प्रारंभिक दौर में अपराध ही कायम नहीं किया। उस चिकित्सक के विरुद्ध भी कार्रवाई नहीं हुई है जिसने गलत रिपोर्ट जारी किया। इस दरोगा और चिकित्सक के विरुद्ध साक्ष्य मिटाने के आरोप में कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

- राष्ट्रीय सचिव ने की बच्चियों से मुलाकात, जांच टीम ने भी ली घटना की जानकारी



# पतरपारा में विधायक ने किया तेल मिल का उदघाटन, समूह की महिलाएं करेंगी संचालित

**राजपुर।** विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पतरापारा के गेल्हापानी गांव में पीवीटीजी वनधन विकास केंद्र के तहत सरसों, महुआ (डोरी) तेल मिल का शुभारंभ किया गया। इस तेल मिल का संचालन दुर्गा महिला स्वयं सहायता समूह पतरापारा द्वारा किया जाएगा, जिसमें पहाड़ी कोरवा समुदाय की 11 महिलाएं प्रत्यक्ष रूप से जुड़ी हुई हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सामरी विधायक उद्देश्वरी पैकरा ने फीता काटकर तेल मिल का उद्घाटन किया।

- आदिवासी समुदाय को स्वरोजगार से जोड़ने की पहल

यह परियोजना जिला यूनियन बलरामपुर के अंतर्गत लगभग 3 लाख 70 हजार रूपए की लागत से स्थापित की गई है। इस दौरान विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा ने कहा कि सरकार अंतिम छोर तक विकास पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। जनजातीय समुदायों, विशेषकर पीवीटीजी वर्ग के उत्थान के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई योजनाओं के माध्यम से आदिवासी समुदाय को स्वरोजगार से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है, जिससे उनकी आय और जीवन स्तर में सुधार हो सके। इस तेल मिल की उत्पादन क्षमता प्रति घंटा 20 किलोग्राम तक है और एक दिन में लगभग 100 किलोग्राम सरसों की पेराई की जा सकती है। अनुमानित रूप से 3 किलोग्राम सरसों से 1 लीटर तेल प्राप्त होगा, जिससे प्रतिदिन लगभग 33 लीटर सरसों तेल उत्पादन संभव है। वहीं 3.5 से 4 किलोग्राम महुआ बीज से 1 लीटर महुआ तेल निकाला जा सकता है। इसके अलावा तेल निकालने के बाद सरसों की खली (पशु चारा) भी तैयार होती है, जिसकी बाजार में अच्छी मांग है। वन धन विकास केंद्र पतरापारा वर्तमान में 15 स्वयं सहायता समूहों के



माध्यम से 148 आदिवासी लाभार्थियों को जोड़कर कार्य कर रहा है। यह केंद्र न केवल स्थानीय उत्पादों को मूल्य संवर्धन प्रदान कर रहा है, बल्कि महिलाओं को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध करा रहा है। उत्पादित तेल की पैकेजिंग 500 मिलीलीटर और 1 लीटर के कंटेनरों में की जाएगी, जिससे स्थानीय बाजारों में इसकी बिक्री सुनिश्चित हो सके। ग्राम पंचायत पतरापारा के गेल्हापानी की पहाड़ी कोरवा बस्ती पहुंच मार्ग पर पुलिया के स्वीकृति दिलाई, इसके अलावा ग्रामीणों ने चंबोथा नाला में पुलिया की मांग किये तो विधायक ने मैं रात टार्च जलाकर देखी और पुलिया की स्वीकृति दिलाई ,पुलिया का निर्माण प्रारंभ हो चुका हैं। भाजपा जिला महामंत्री संजय सिंह ने कहा कि सरकार लगातार विकास कार्यों को गति दे रही है। कार्यक्रम को विधायक प्रतिनिधि शिवनाथ जायसवाल, जिला सदस्य रवि प्रताप मराबी, भाजपा मंडल अध्यक्ष जगवंशी यादव, उपवन मंडलाधिकारी रविशंकर श्रीवास्तव, रेंजर अजय वर्मा ने संबोधित किया। इस अवसर पर प्रबंधक सुरेश सोनी, भाजपा मंडल महामंत्री बबलू यादव, सन्तोष तिवारी, सुरेश यादव, डिप्टी रेंजर अमृत प्रताप, सर्किल इंचार्ज अशोक शुक्ला, मालती मांझी, सरपंच ननहर आयाम, अमदरी सरपंच रामरतन नगेशिया व ग्रामीण थे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की तैयारियां तेज

**अंबिकापुर।** भाजपा कार्यालय में मासिक बैठक एवं आगामी पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला की तैयारियों पर महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में कार्यशाला के विषयों, रूपरेखा, व्यवस्थाओं एवं सफल संचालन हेतु आवश्यक दायित्वों पर गहन चर्चा हुई।

- संकल्प भवन में जिला स्तरीय कार्यशाला पर चर्चा, दायित्व निर्धारित



बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को ग्रामीण आधारित विकास से जोड़कर संगठन को सशक्त बनाना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रशिक्षण महाअभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की तथा अनुशासन और एकता पर बल दिया। इस अवसर पर विधायक लुण्ड्रा प्रबोध मिंज ने छत्तीसगढ़ सरकार के 'सुशासन तिहार 2026' के तहत विधायकों व जनप्रतिनिधियों द्वारा समाधान शिविर लगाए जाने की जानकारी दी। प्रशिक्षण महाभियान के जिला प्रभारी अम्बिकेश केशरी ने कहा कि यह महाअभियान संगठन के आधार को मजबूत करेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण सत्रों में पूर्ण उपस्थिति एवं सक्रियता की बात कही। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री विनोद हर्ष ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, नगर निगम सभापति हरमिन्दर सिंह टिन्नी, जन्मेजय मिश्रा, चन्द्रिका प्रसाद यादव, वैभव सिंह देव, अनिल अग्रवाल, देवेंद्रनाथ दुबे, पूनम टेकाम, नीरू मिस्त्री, रूपेश दुबे, कमलेश तिवारी, मनोज कंसारी, प्रिया सिंह, बिंदेश्वरी लाल पैकरा, निशांत सिंह सोलु, अनिल तिवारी, अभिषेक सिंह देव, निरंजन रॉय, संजीव वर्मा, दीपक सिंह तोमर आदि अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

### कुएं में मिला लापता महिला का शव, गांव में मचा हड़कंप

**अम्बिकापुर।** ग्राम डूमरखी में शनिवार को सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब सरपंच के कुएं में एक महिला का लाश मिला। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान डूमरखी पुरानपारा निवासी लखपतिया (50 वर्ष) पति सूदन के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि महिला बीते गुरुवार से अपने घर से लापता थी तथापरिजन लगातार उसकी तलाश में जुटे थे। शनिवार सुबह सरपंच के कुएं में लाश दिखाई देने पर ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी । महिला की मौत किन परिस्थितियों में हुई है इसका खुलासा जांच के बाद ही हो सकेगा।



# लक्ष्य शिक्षण संस्थान के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम

**शंकरगढ़।** 10वीं और 12वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम घोषित होते ही लक्ष्य शिक्षण संस्थान में जश्न का माहौल है। संस्थान के विद्यार्थियों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर संस्थान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

- श्रेयश और अंकिता ने 96 .5 प्रतिशत अंकों के साथ किया टॉप

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य डीडी भगत एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विकलु राम पैकरा उपस्थित रहे। संस्थान के संचालक सुदर्शन यादव एवं अभिभावकों ने अतिथियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने मेधावी छात्रों को



माला पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। संस्थान के संचालक सुदर्शन यादव ने बताया कि पिछले 2 वर्षों से बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए शाम 7 से रात्रि 10 बजे तक निशुल्क कोचिंग संचालित की जा रही थी। इस वर्ष 80 छात्रों ने इस सुविधा का लाभ उठाया और सभी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। उन्होंने बताया कि वर्तमान में अग्निवीर सेना भर्ती के लिए निशुल्क बैच प्रारंभ है, जिसमें रहने और खाने की भी निशुल्क व्यवस्था की गई है। इस दौरान देव कुमार यादव, शिवकुमार यादव, प्रकाश बघेल, रामशरण यादव, अमानुल्लाह शाह नीरज तिर्की, आशीष नरेंद्र उत्तम सहित बड़ी संख्या में अभिभावक और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### लोक अदालत में शामिल होने आवेदन 31 तक

अम्बिकापुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकारण के सचिव ने बताया कि न्याय को सरल एवं सुलभ तरीक से घर-घर तक पहुंचाने तथा आपसी सहभागिता और सहमति से न्याय की भावना को मूर्त रूप देने के लिए भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाधान समारोह 2026 का आयोजन 21 अप्रैल से आरम्भ किया गया। जिसके अंतर्गत 21, 22 तथा 23 अगस्त को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। विशेष लोक अदालत का आयोजन सर्वोच्च न्यायालय परिसर में 21, 22 तथा 23 अगस्त को होगा जिसमें लंबित मामले शामिल किया जाएगा। विशेष लोक अदालत पूर्व सुलह बैठकों का आयोजन राज्य, जिला, तालुका, उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकार समिति स्थित मध्यस्थता केन्द्र में किया जाएगा। इस सुलह वार्ता का आयोजन 21 अप्रैल को समाधान समारोह के आरम्भ के साथ शुरु हो गया है। अपने मामले को समाधान समारोह में कैसे शामिल होने के लिए गूगल फॉर्म तैयार किया गया है।

# महिला आरक्षण देना है तो मौजूदा सीटों पर देतेः जरिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव एवं छत्तीसगढ़ की सहप्रभारी सुश्री जरिता लैतफलांग की अध्यक्षता में शनिवार को सरगुजा जिला कांग्रेस कमेटी की समीक्षा बैठक राजीव भवन में हुई। इस बैठक में नवगठित कार्यकारणी के सदस्यों के साथ ही साथ ब्लॉक अध्यक्ष, मोर्चा संगठन-विभाग और प्रकोष्ठों के अध्यक्षों की उपस्थिति रही।

इस दौरान सुश्री लैतफलांग ने कहा कि उदयपुर अधिवेशन के सांकल अनुसार संगठन में अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़े वर्ग, महिलाओं, अल्पसंख्यकों सहित युवाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ावा देना है। महिला आरक्षण पर मोदी सरकार के रुख पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण को मोदी सरकार भीख के रूप में



महिलाओं को देना चाहती है। अगर वो इसे अधिकार के रूप में देना चाहती तो इसे मौजूदा सीटों पर दे देती लेकिन वो सीटें बढ़ा कर महिला आरक्षण के अधिकार को भीख के रूप में बदल रही है। संगठन की कार्यशैली में हो रहे बदलावों के जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल के साथ संगठन के कार्यक्रमों की मॉनिटरिंग होगी। निष्क्रिय पदाधिकारियों को संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि आगामी चुनावों को ध्यान रखते हुए पदाधिकारियों को या तो सक्रियता लानी होगी या दूसरे सक्रिय सदस्य के लिए स्थान देना होगा। पूर्व केबिनेट मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि एक ओर भाजपा महिलाओं के सम्मान की बात करती है, वहीं दूसरी ओर वो महिलाओं पर अत्याचार करने वाले लोगों को संरक्षण देती है, ये भाजपा का दोहरा चरित्र है। बैठक के प्रारंभ में कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने सरगुजा जिला कांग्रेस कमेटी के संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि जिला के साथ ही साथ सभी ब्लॉक कमेटियों में कार्यकारणी का गठन उदयपुर संकल्प अनुसार हो चुका है। जिले के 95 प्रतिशत बूथ, पंचायत और वार्ड कमेटियों के गठन की जानकारी भी उंनके द्वारा दी गई है। निगम के नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कहा कि बालकृष्ण पाठक के नेतृत्व में सरगुजा जिला कांग्रेस कमेटी ने जबरदस्त मजबूती पाई है। बैठक में अपना सुझाव रखते हुए उन्होंने कहा कि शफी अहमद, बूथ-पंचायत-वार्ड कमेटी के सदस्यों में कांग्रेस के इतिहास, वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों में राष्ट्रीय स्थिति से अवगत कराने, और विचारधारा के विस्तार के लिए वर्कशाप का आयोजन किया जाये। बैठक को कांग्रेस उपाध्यक्ष राजीव सिंह, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा सोनी ने भी सम्बोधित किया।



# क्या 'भूत बंगला' में किरदार छोटा होने से खफा हैं तब्बू..?

**मुंबई।** फिल्म 'भूत बंगला' सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद से अच्छा प्रदर्शन कर रही है। 'हेरा फेरी' (2000) के बाद, अक्षय कुमार और तब्बू ने इस फिल्म से 25 साल बाद साथ में वापसी की है। काफी वक्त से चर्चा थी कि फिल्म में कथित तौर पर किरदार छोटा किए जाने के कारण तब्बू निर्माताओं से खफा हैं। यह भी कहा गया कि अक्षय ने उनका किरदार छोटा कराया था। अब निर्देशक प्रियदर्शन ने इन खबरों पर प्रतिक्रिया दी है। पिंकविला से बातचीत में, निर्देशक ने दावों को खारिज करते हुए कहा, मुझे नहीं पता कि ये नकारात्मक खबरें कौन और क्यों फैला रहा है। मैं 'भूत बंगला' का निर्देशक हूं।

## लाइफ Style



# सान्या

## 'पगलैट' बनकर करेंगी दमदार वापसी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सान्या मल्होत्रा ने अपने करियर में हमेशा अलग-अलग तरह की भूमिका निभाकर दर्शकों को प्रभावित किया है। साल 2021 में उनकी फिल्म 'पगलैट' आई थी जो एक डार्क कॉमेडी ड्रामा थी। इस फिल्म में अभिनेत्री ने एक ऐसा चुनौतीपूर्ण किरदार निभाया था जो शादी के तुरंत बाद विधवा हो जाती है।

ताजा खबर है कि नेटफ्लिक्स पर आई यह फिल्म सीक्वल के साथ दोबारा दर्शकों का मनोरंजन करने लौटेगी। यह सिखिया एंटरटेनमेंट और नेटफ्लिक्स इंडिया की साझेदारी का प्रतीक होगी। रिपोर्ट के मुताबिक, सिखिया एंटरटेनमेंट और नेटफ्लिक्स इंडिया अपनी डार्क ड्रामा-कॉमेडी फिल्म के सीक्वल 'पगलैट 2' के लिए साथ आ रहे हैं। सीक्वल पर काम शुरू हो चुका है और सान्या अपने किरदार 'संध्या गिरी' के रूप में वापसी करेंगी। मूल फिल्म के निर्देशक उमेश बिष्ट ही सीक्वल का निर्देशन करेंगे और कहानी को एक नए दृष्टिकोण से आगे बढ़ाएंगे। हालांकि यह तय नहीं हुआ है कि सीक्वल पहले भाग की कहानी को आगे बढ़ाएगा या नई कहानी लाएगा।

रिपोर्ट के अनुसार, निर्माताओं द्वारा सीक्वल में पहले भाग की तरह ही हास्य और भावनात्मक गहराई का अनूठा मिश्रण बरकरार रखा जाएगा। फिल्म की शूटिंग अगस्त या अक्टूबर, 2026 के आसपास से शुरू होने की उम्मीद है। काम की बात करें, तो सान्या को आखिरी बार राजकुमार राव की फिल्म 'टोस्टर' में देखा गया था। यह फिल्म हाल ही में नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। आने वाले दिनों में अभिनेत्री बॉबी देओल की फिल्म 'बंदर' (5 जून, 2026) में दिखेंगी।

## हॉलीवुड मसाला



# पहले ही दिन 1.95 करोड़ की कमाई की...

**लॉस एंजिल्स।** 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। लोगों की तरफ से फिल्म को लेकर पॉजिटिव रिएक्शन देखने को मिल रहे हैं। फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा' का सीक्वल है, जिसे नए अंदाज में बनाया गया है। आइए जानते हैं फिल्म ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस और वर्ल्डवाइड कितना कलेक्शन किया है। हॉलीवुड फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' एक मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। रिलीज के बाद से ही फिल्म सुर्खियों में थी। फिल्म ने भारत में खबर लिखे जाने तक टोटल नेट 1.95 करोड़ की कमाई कर ली है। फिलहाल इसके आंकड़ों में बढ़ोतरी हो सकती है।




# नशा और बेकाबू रफ्तार पर ब्रिटनी पर आरोप तय...

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार ब्रिटनी स्पीयर्स पर कैलिफोर्निया में शराब और ड्रग्स के प्रभाव में गाड़ी चलाने का औपचारिक आरोप दर्ज किया गया है। यै मामला मार्च 2026 की उस घटना से जुड़ा है, जब उन्हें अपनी कार को लापरवाही से चलाने के लिए रोका गया था। फिलहाल, ब्रिटनी स्वेच्छा से एक रिहैब सेंटर में अपना इलाज करा रही हैं, जबकि इस मामले में उनकी कोर्ट में सुनवाई सोमवार को होनी तय हुई है। सोमवार 4 मई को होने वाली सुनवाई में उन्हें व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने की जरूरत नहीं है, उनकी जगह वकील पक्ष रखेंगे। कैलिफोर्निया के वेंचुरा काउंटी जिला अटॉर्नी कार्यालय ने उन पर शराब और ड्रग्स के संयुक्त प्रभाव में गाड़ी चलाने का आरोप लगाया है।



# सिद्धार्थ- कियारा की पर्दे पर होगी वापसी

**मुंबई।** सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी अब एक बेटी के माता-पिता बन चुके हैं। हालांकि उनकी प्रेम कहानी की शुरुआत फिल्म 'शेरशाह' (2021) के सेट पर हुई थी और दोनों की जोड़ी को फैंस ने खूब पसंद किया था। लगता है कि यह जोड़ा एक बार फिर फिल्मी पर्दे पर साथ आने की तैयारी कर रहा है। ऐसा हम नहीं कह रहे हैं, बल्कि अभिनेता की ताजा इंस्टाग्राम पोस्ट देखकर लोगों ने अंदाजा लगाना शुरू कर दिया है। सिद्धार्थ ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शूटिंग की एक तस्वीर साझा की है। पीछे से ली गई तस्वीर में उनके साथ कियारा भी मौजूद हैं और दोनों कैमरे की ओर देख रहे हैं। जहां अभिनेता ने सफेद शर्ट के साथ नील जींस पहनकर कैजुअल लुक लिया, तो वहीं कियारा ने गुलाबी धारीदार शर्ट और सफेद पैंट पहनी है।



# 'पेड्डी' को मिली नई रिलीज तारीख...

**मुंबई।** सुपरस्टार राम चरण और जाह्नवी कपूर की फिल्म 'पेड्डी' एक बार फिर चर्चा में हैं। निर्माताओं ने आधिकारिक ऐलान करते हुए आखिरकार इसकी नई रिलीज तारीख से पर्दा उठा दिया है। पहले फिल्म अप्रैल में रिलीज करने की तैयारी थी, लेकिन निर्देशक बुची बाबू सना ने इसे आगे बढ़ाने का फैसला लिया। उन्होंने बची हुई शूटिंग का हवाला देते हुए रिलीज को स्थगित करने ऐलान किया था। हालांकि, अब 'पेड्डी' को जून में रिलीज किया जाएगा। संगीतकार एआर रहमान ने 'पेड्डी' का नया पोस्टर जारी करते हुए लिखा, 'दृढ़ संकल्प ही उसकी कहानी है। दृढ़ निश्चय ही उसका हथियार है। #पेड्डी 4 जून, 2026 को विश्वव्यापी रिलीज।' पहले 4 जून को यश अभिनीत फिल्म 'टॉक्सिक' को रिलीज होना था, लेकिन अब उसे टाल दिया गया है।

## टीवी मसाला

# 'सिंगल हूं, कमजोर नहीं', एक शो से रातोंरात स्टार बनी थीं एक्ट्रेस...

**नई दिल्ली।** टीवी इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस रश्मि देसाई ने हाल ही में अपनी पर्सनल लाइफ, करियर और जिंदगी के संघर्षों को कई राज खोले हैं। रश्मि ने बताया कि उन्होंने जिंदगी में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं, लेकिन हर मुश्किल के बाद खुद को और मजबूत बनाया है। रश्मि ने कहा कि वह खुद को एक मजबूत सोच वाली सिंगल महिला मानती हैं। उनके मुताबिक जिंदगी में बदलाव आना बिल्कुल सामान्य है और हर इंसान को बदलाव को अपनाना सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि वक्त के साथ हर चीज बदलती है, इसलिए इंसान को भी आगे बढ़ते रहना चाहिए। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि उन्होंने जिंदगी से सबसे जरूरी बात यही सीखी है कि कभी रुकना नहीं चाहिए। अगर इंसान रुक जाता है तो पीछे छूट जाता है। मुश्किल समय में भी आगे बढ़ते रहना ही असली हिम्मत है। बता दें कि अपने करियर में रश्मि देसाई ने कई हिट और सुपरहिट शोज में काम किया है लेकिन जो पहचान और घर-घर में उन्हें पहचाना गया है, वो शो है 'उतरन'। इस शो में तप्पू का किरदार निभाकर तो वह रातोंरात स्टार बन गई थी। शो में नेगेटिव रोल में उन्होंने जान फूंक दी थी।



## कपिल फिर खोलेंगे मस्ती का पिटारा

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन कपिल शर्मा इन दिनों आगामी फिल्म 'दादी की शादी' को लेकर चर्चा में हैं। नीतू कपूर की मुख्य भूमिका वाली यह फिल्म सिनेमाघरों में 8 मई, 2026 को रिलीज होने के लिए बिल्कुल तैयार है। हालांकि इससे पहले कपिल अपनी कॉमेडी की टोली के साथ वापसी करेंगे और दर्शकों को हंसी की डोज देंगे। अगर आप सोच रहे हैं कि उनका 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' लौट रहा है, तो आप सही हैं, लेकिन यहां एक ट्विस्ट भी है।



***विश्व हास्य दिवस पर दर्शकों को मिलेगा तोहफा :*** नेटफ्लिक्स ने ऐलान किया है कि विश्व हास्य दिवस के खास अवसर पर कपिल का शो एक दिन के लिए वापसी करेगा। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'मस्ती की कमी खल रही है? हम दोनों को! विश्व हास्य दिवस के अवसर पर इस शनिवार को एक विशेष एपिसोड भी प्रसारित किया गया। बता दें, 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के अब तक 4 सीजन आ चुके हैं।

# सिनेमा के शौकीनों के लिए मई में धमाल मचाने आएंगी कई फिल्में





**मुंबई।** फिल्मों के शौकीनों के लिए आने वाला मई का महीना जबरदस्त मनोरंजन से भरपूर होने वाला है। रितेश देशमुख से लेकर आयुष्मान खुराना तक, कई सितारे अपनी फिल्मों के साथ सिनेमाघरों का रुख करेंगे। इन फिल्मों में ऐतिहासिक ड्रामा, कॉमेडी, थ्रिलर और रोमांच से भरपूर कई शैली शामिल हैं, जिन्हें दर्शक अपनी-अपनी पसंद के हिसाब से देख सकते हैं। चलिए मई, 2026 में सिनेमाघरों में आने वाली सभी फिल्मों की सूची पर एक नजर डालते हैं।

***'राजा शिवाजी' और 'एक दिन' :*** रितेश द्वारा निर्देशित और अभिनीत ऐतिहासिक फिल्म 'राजा शिवाजी' 1 मई को रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म में अभिनेता छत्रपति शिवाजी महाराज के किरदार को पर्दे पर जीवंत करते दिखाई देंगे। उनके साथ जेनेलिया डिसूजा, अभिषेक बच्चन और विद्या बालन जैसे सितारे भी नजर आएंगे। इसी दिन सिनेमाघरों में जुनैद खान और साई पल्लवी की फिल्म 'एक दिन' भी रिलीज होगी। यह एक इमोशनल ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्माण आमिर खान प्रोडक्शन के तहत किया गया है।

***'कृष्णावतारम', 'आखिरी सवाल' और 'दादी की शादी':*** भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित पौराणिक फिल्म 'कृष्णावतारम' का पहला भाग 7 मई को रिलीज होगा। इसमें सिद्धार्थ गुप्ता और संस्कृति जयना मुख्य किरदार में हैं। संजय दत्त की फिल्म 'आखिरी सवाल' 8 मई को रिलीज हो रही है। अभिजीत मोहन वारंग द्वारा निर्देशित और निखिल नंदा, संजय दत्त द्वारा निर्मित यह फिल्म देश के संवेदनशील ऐतिहासिक विषयों पर आधारित है। इसी दिन नीतू कपूर और कपिल शर्मा की कॉमेडी ड्रामा फिल्म 'दादी की शादी' भी रिलीज हो रही है।

***'पति पत्नी और वो 2' और 'चांद मेरा दिल':*** आयुष्मान, सारा अली खान, वामिका गब्बी और रकुल प्रीत सिंह की कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'पति पत्नी और वो 2' 15 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। मुदस्सर अजीज द्वारा निर्देशित यह कार्तिक आर्यन की फिल्म ' पति पत्नी और वो' (2019) का सीक्वल है। एक हफ्ते बाद, 22 मई को अनन्या पांडे और लक्ष्य अभिनीत फिल्म 'चांद मेरा दिल' सिनेमाघरों का रुख करेगी। करण जौहर द्वारा निर्मित यह फिल्म प्यार और दर्द के इर्द-गिर्द बुनी गई एक भावनात्मक प्रेम-कहानी है।

# 'क्रांतिवीर' का वो आखिरी सीन, जिसने नाना पाटेकर को बनाया रील की दुनिया का बादशाह

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता नाना पाटेकर की फिल्म क्रांतिवीर 1994 में रिलीज हुई थी। मेहुल कुमार के निर्देशन में बनी इस फिल्म के डायलॉग्स आज भी लोगों के जहन में है। खासकर नाना पाटेकर का 'आ गए मेरी मौत का तमाशा देखने'. इस सीन को लेकर खुद अभिनेता ने बताया कि यह दृश्य शूट करने का कोई प्लान नहीं था। जानिए फिर कैसे बना यह सीन।

### नाना पाटेकर ने क्या कहा?

अभिनेता नाना पाटेकर ने एक इंटरव्यू में इस बात का खुलासा किया था। उन्होंने कहा कि 'क्रांतिवीर' का आखिरी का सीन जो था वो लिखा हुआ ही नहीं है। आ गए मेरी मौत का तमाशा देखने, उसे तो ऐसे ही बोल दिया था। फिल्म के क्लाइमैक्स सीन से पहले नाना पाटेकर बीमार हो गए थे और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसके दूसरे दिन ही उस सीन की शूटिंग होनी थी। फिल्म के डायरेक्टर मेहुल कुमार अभिनेता ने मिलने पहुंचे और उनसे नाना पाटेकर ने कहा कि वो तय समय पर ही क्लाइमैक्स सीन की शूटिंग करेंगे। इसके बाद अभिनेता ने अस्पताल से छुट्टी ले ली।

### एक ही टेक में पूरा किया सीन

उस सीन के लिए डायरेक्टर ने नाना पाटेकर से कहा कि जो उन्हें मन में आए बोल दें। थोड़ी देर प्रैक्टिस करने के बाद अभिनेता ने अपने बनाए शब्दों को बोल डाला और एक ही टेक में शूटिंग पूरी हो गई। फिल्म रिलीज के बाद यह सीन सबसे यादगार बन गया और आज भी लोगों के रील्स में यह डायलॉग दिख जाता है।



### फिल्म के बारे में

इस फिल्म में नाना पाटेकर के साथ डिंपल कपाड़िया, ममता कुलकर्णी, परेश रावल जैसे कलाकार नजर आए थे। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की थी। फिल्म की कहानी की बात करें, तो अपने परिवार द्वारा बेदखल किए जाने पर, एक किशोर जुआरी, प्रताप (नाना पाटेकर) मुंबई आता है, जहाँ उसे लक्ष्मीनाथ (परेश रावल) द्वारा अपनाया जाता है। हालांकि, जब लक्ष्मीनाथ की हत्या हो जाती है, तो प्रताप बदला लेने की कसम खाता है।

## एके47 राइफलों के साथ आगे बैठे थे और मैं जो भी गाने गाता था, वे हवा में चलाते थे गोलियां

# जब कुमार सानू से बंदूक की नोक पर गवाया गया एक ही गाना 16 बार

***मुंबई।*** *सन 90 के दशक के सबसे लोकप्रिय गायकों में से एक कुमार सानू अपनी सुरीली आवाज से आज भी कई लोगों के दिलों पर राज करते हैं। गायक ने एक बार ऐसा खुलासा किया था कि सब हैरान हो गए थे. उन्हें बंदूक की नोक पर 16 बार गाना गाने के लिए मजबूर किया गया था और वे बड़ी मुश्किल से वहां से जान बचाकर भागे थे। चलिए जानते हैं वो चौंका देने वाला किस्सा।*



### 'हवा में गोलियां चलाते थे'

गायक कुमार सानू एक बार कॉमेडियन कपिल शर्मा के शो में शामिल हुए थे। वहां उन्होंने बताया कि वह एक बार बिहार के पटना में अपनी प्रस्तुति देने गए थे। उसी दौरान उन्होंने कहा, 'कुछ देर बाद, मैंने देखा कि उनमें से कुछ लोग एके47 राइफलों के साथ आगे बैठे थे और मैं जो भी गाने गाता था, वे हवा में गोलियां चलाते थे।' गायक ने बताया कि गोलीबारी के कारण कार्यक्रम में लगे तम्बू में लगभग 60 से 70 छेद हो गए थे, लेकिन उन्होंने इसे नजरअंदाज करते हुए अपना प्रदर्शन जारी रखा।



### जब डर गए सिंगर

आगे बताते हुए गायक ने बताया, 'मैंने 'मैं दुनिया भुला दूंगा' गाना शुरू किया और जैसे ही मैंने गाना बदला, राइफल लिए एक आदमी आया और मुझसे पूछा कि आपको यह गाना बंद करने के लिए किसने कहा। वह आदमी शराब के नशे में था और उसने यह भी कहा कि यह उसका पसंदीदा गाना है। फिर उसने मुझसे कहा, 'सानू जी, मैं यह गाना एक बार और सुनना चाहता हूं और आपको मेरे लिए यह गाना गाना होगा।' यह सुनकर मैं डर गया।'

### जब तान दी बंदूक

गायक ने यह भी बताया कि उन्होंने उस व्यक्ति को समझाने की कोशिश की कि वे उससे अलग गाना गाएंगे, लेकिन सब व्यर्थ रहा। कुमार सानू ने बताया कि उस व्यक्ति ने उन पर बंदूक तान दी और उन्होंने फिर से वही गाना गाना शुरू कर दिया। उन्होंने उस दिन वह गाना 16 बार गाया। उन्होंने आगे बताया, 'वे बंदूकें लेकर मंच पर आए और गाना गाने लगे। जब मैंने देखा कि मामला बिगड़ रहा है, तो मैं जल्दी से पीछे से निकल गया और पास के एक होटल में रुक गया। वहां सुबह 5 बजे तक गोलीबारी जारी रही।

## खबर संक्षेप

### बोर्ड परीक्षा में राज ने 91 प्रतिशत अंक किया अर्जित



**बैकुण्ठपुर।** छग शिक्षा मंडल द्वारा घोषित हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा परिणाम में बैकुंठपुर के छात्र राज ठाकुर ने 91 प्रतिशत अंकों के साथ अपने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। राज की यह सफलता उनके लगातार कठिन परिश्रम और शिक्षा के प्रति लगन का परिणाम है। शुरूआत से ही पढ़ाई में मेधावी रहे राज ने सभी विषयों में विशेष योग्यता के साथ यह उच्चतम उपलब्धि हासिल की। अपनी सफलता पर उत्साहित राज ने अपने माता-पिता और विद्यालय के शिक्षकों को आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सफलता उनके आशीर्वाद और मार्गदर्शन के कारण ही संभव हो पाई है। राज ठाकुर ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हाईस्कूल भखार, विकासखंड बैकुंठपुर का छात्र है। राज ने अपनी आगे की शिक्षा को लेकर भी बड़ा लक्ष्य तय किया है। राज ने कहा कि अब मैं साइंस में आगे की पढ़ाई करूंगा और निट परीक्षा क्वालीफाई कर डॉक्टर बनकर अपने ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की सेवा करना चाहता हूं। राज के माता-पिता भी उनकी सफलता में अहम योगदान दे रहे हैं।

### ग्राम पंचायतों में चलाया जाएगा विशेष अभियान

# गर्भवती, शिशुवती माताओं के पोषण स्वास्थ्य को लेकर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

यूनिसेफ, छग एलायंस फॉर बिहेवियर चेंज एवं सर्वहितम के संयुक्त तत्वावधान में सामाजिक एवं व्यवहार परिवर्तन संचार आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अलायंस फॉर बिहेवियर चेंज के स्टेट नोडल मनीष सिंह तोमर ने गर्भवती एवं शिशुवती माताओं एवं किशोरी बालिकाओं के पोषण, स्वास्थ्य देखभाल एवं संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण डोमेन पर तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया।

उन्होंने डोमेन तथा उससे जुड़े की बिहेवियर की अवधारणा को सरल तरीके से समझाते हुए विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़े कार्यकर्ताओं के साथ विस्तृत चर्चा-परिचर्चा की। इस कार्यशाला सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए सामूहिक रूप से डोमेन, की-बिहेवियर, बैरियर एवं संभावित इंटरवेंशन की पहचान की और व्यवहार परिवर्तन की दिशा में ठोस रूपरेखा तैयार की गई। इस दौरान संस्थागत प्रसव, बच्चे के जन्म के पहले घण्टे में स्तनपान, 6 महीने से 2 साल तक बच्चों को स्तनपान एवं अन्य पोषण की जरूरत, एनीमिया के मामले सहित विभिन्न विषयों पर आंकड़ों के साथ बातचीत करते हुए इसे बेहतर करने के लिए विचार-विमर्श किया। सभी अलायंस मेंबर ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि सरगुजा जिले के दो चयनित ग्राम पंचायतों में फील्ड स्तर पर कार्य करते हुए की-बिहेवियर की गहन खोज एवं उस पर हस्तक्षेप किया जाएगा।

अलायंस फॉर बिहेवियर चेंज के सरगुजा जोनल हेड मंगल पाण्डेय ने ग्रामीण स्तर पर समस्याओं की पहचान करने, उसके निराकरण हेतु तकनीक को लेकर चर्चा की। एलायंस मेम्बर अनिल कुमार मिश्रा में विभिन्न उदाहरणों के साथ सरगुजा के परिपेक्ष्य में फील्ड में कार्य करने के तरीके एवं हितग्राही, उसके परिवार और समुदाय के बीच अपनी बात रखने एवं कार्य करने के तरीकों पर बात की। कार्यक्रम उपरांत एलायंस के सरगुजा कोऑर्डिनेटर अंचल ओझा ने सभी के सहयोग हेतु आभार प्रदर्शन करते हुए एलायंस के कार्य को और बेहतर तरीके से करने हेतु आग्रह किया।

कार्यक्रम के आयोजन एवं समन्वय में एसबीसी कंसल्टेंट सृष्टि चौबे एवं जिला नोडल अंचल ओझा का योगदान रहा। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी डॉ मीरा शुक्ला, मनोज भारती, सुरेंद्र साहू, अजय तिवारी, विजय शंकर तिवारी, सुनिधि शुक्ला, विजय किशोर उपाध्याय, अंजुलुस लकड़ा, संतोष विश्वकर्मा, सुल्ताना सिद्दीकी, हिना खान, रेवती पाण्डेय, एलिजाबेथ लकड़ा, सौरभ सिंह, शहनाज, निशा परवीन सहित विभिन्न संगठनों से सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

**अलायंस मेंबर ने सीखा डोमेन, की-बिहेवियर और इंटरवेंशन का तरीका**




# कलेक्टर से ग्रामीणों ने की पुलिया निर्माण की मांग



**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर कार्यालय से कुछ ही किमी की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत आमगांव के सेमरपारा के ग्रामीणों ने कलेक्टर को शिकायत देकर पुलिया निर्माण किए जाने की मांग की। ग्रामीण प्रमिला, दुर्गावती, बसंती, नीतू, सुशीला, श्यामकली, चंदन, अजय, लालमन, साहिल आदि ने कलेक्टर को शिकायत देकर मांग की है कि ग्राम पंचायत आमगांव के सेमरपारा में लगभग 20 से 25 घर के परिवार निवास करते हैं और उनके घर के पास बरसात का पानी जमा हो जाता है, जिसके निकासी की कोई साधन नहीं होने कारण लोगों के कच्चे घर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं, ऐसे में किसी भी समय कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है। ग्रामीणों ने मांग की है कि बरसात के पूर्व ग्राम पंचायत आमगांव के सेमरपारा में पुलिया निर्माण कार्य कराए जाए।






## पृष्ठ 1 का शेष

### बुनियादी प्रशासनिक सुविधाओं...

वह जमीनी स्तर पर पूरी तरह साकार नहीं हो सका है। यहां के जिलेवासियों का कहना है कि एमसीबी जिला गठन के तीन साल बाद भी यदि बुनियादी प्रशासनिक और सुरक्षा ढांचा मजबूत नहीं हो पाया है, तो शासन-प्रशासन को इस दिशा में ठोस और त्वरित कदम उठाने की आवश्यकता है।

**अधूरे कार्यालय, जनता परेशान-** एमसीबी जिला बनने के बाद आमजन को उम्मीद थी कि राजस्व, सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास, श्रम और अन्य विभागों की सभी सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी, लेकिन कई विभाग अब भी संसाधनों और स्टाफ की कमी से जूझ रहे हैं। कुछ कार्यालयों का संचालन अस्थायी व्यवस्था के तहत हो रहा है, जिससे लोगों को बार-बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

### तूफान और बारिश...

बुआई के लिए गोबर खाद, आदि की आपूर्ति तेजी से की जा रही है। किसान अपने खेतों में आने वाली बारिश को एक सकारात्मक संकेत मान रहे हैं, जिससे आगामी कृषि कार्यों में मदद मिल सकती है, इसके साथ ही किसानों ने आगामी फसल की योजना और खेतों में मिट्टी सुधारने के कामों की ओर भी ध्यान देना शुरू कर दिया है। जैसे-जैसे मौसम में बदलाव की संभावना बढ़ रही है, लोग भी आशा कर रहे हैं कि यह बारिश खेती के लिए लाभकारी साबित होगी और क्षेत्रीय जल स्तर में भी सुधार होगा।

# हाथियों ने दो घरों को ढहाया स्कूलों में की तोड़फोड़

**अम्बिकापुर।** मैनपाट के वनों में भ्रमण कर रहे 14 सदस्यीय हाथियों ने बीती रात जमकर तबाही मचाई। हाथियों ने ग्राम कंडराजा स्थित प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल में तोड़फोड़ मचाने के साथ ही ग्राम चोरकीपानी में दो घरों को ढहा दिया। हाथियों के भय से प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीण अपने जानमाल की सुरक्षा के लिए रतजगा करने मजबूर है।

पिछले दो महीनों से 14 हाथियों का दल मैनपाट के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर रहा है। भोजन की तलाश में हाथी अलग-अलग दलों में विभिक्त हो जा रहे हैं तथा आबादी क्षेत्र में पहुंचकर तोड़फोड़ मचा रहे हैं। बीती रात हाथियों ने कंडराजा स्थित प्रायमरी एवं मिडिल स्कूल में जमकर तोड़फोड़ मचाया। हाथियों ने स्कूल के गेट को तोड़ दिया तथा



कुर्सी-टेबल आदि को तोड़ने के साथ ही मध्याह्न भोजन के राशन को चट कर गए। हाथियों की तबाही से क्षेत्र के ग्रामीण भयभीत है। प्रायमरी एवं मिडिल स्कूल में तोड़फोड़ मचाने के बाद हाथियों का दल चोरकीपानी बस्ती में पहुंच गया तथा दो ग्रामीणों के घर को ढहा दिया। ग्रामीणों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। हाथियों ने भानूप्रताप यादव आ.विश्वनाथ यादव एवं गंगा यादव आ.देवमुन यादव के घरों को ढहाने के साथ ही मक्के की फसल को तबाह कर दिया।

## हिन्द विद्यालय में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**चरचा कॉलरी।** हिन्द विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल चरचा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के वार्षिक परीक्षा परिणाम का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों की उपस्थिति ने इसे एक उत्सव का रूप दे दिया।

समारोह के मुख्य अतिथियों में शिवपुर-चरचा नगर पालिका के उपाध्यक्ष राजेश सिंह, वरिष्ठ पत्रकार नीरज गुप्ता, पत्रकार अंकित अग्रवाल और पार्षद कुंडल साय शामिल रहे। विद्यालय के डायरेक्टर निसार खान और प्राचार्य शशिभूषण राय के नेतृत्व में यह आयोजन संपन्न हुआ। बारहवीं कक्षा की परीक्षा में नूरी शबा, पिता मो. हसीब अंसारी ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। वहीं अमरजीत पटेल और प्राची राजवाड़े ने 91.8 प्रतिशत अंक के साथ संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया। तीसरे स्थान पर मेघा मिश्रा, पिता संजय मिश्रा ने 87.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं दसवीं कक्षा में सयीद जोया अली ने 89.7 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सुप्रीम कुजूर ने 89.5 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया।





